रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
+विश्व व भारत के मानचित्र
No. of printed pages : 7
+Map of World & India each

**111** **411 (IRG)**

# 2026

# भूगोल

# GEOGRAPHY

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 70

**Time : 3 Hours ]** **[ Max. Marks : 70**

**निर्देश :**
**Directions :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
There are in all 21 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 5 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 6 से 10 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।
Question No. 6 to 10 are to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 11 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।
Question No. 11 to 17 are to be answered in about 80 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 18 तथा 19 का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।
Question No. 18 and 19 are to be answered in about 150 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 20 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 20 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) प्रश्न संख्या 21 मानचित्र में भौगोलिक स्वरूपों को पहचानने तथा दर्शाने से संबंधित है। दिये गये **विश्व** तथा **भारत** के रेखा-मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
Question No. 21 is related to identification and locating of geographical features on map. Attach the given outline maps of **World** and **India** within your answer book.

1. (क) जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला आर्थिक कारक है - 1

(i) जल की उपलब्धता (ii) भू-आकृति

(iii) खनिज (iv) मृदाएँ

Economic factor influencing the distribution of population is -

(i) Availability of Water (ii) Landforms

(iii) Minerals (iv) Soils

(ख) निम्नलिखित में से कौन सा एक तृतीयक क्रियाकलाप है? 1

(i) कृषि (ii) खनन

(iii) आखेट (iv) व्यापार

Which one of the following is a tertiary activity?

(i) Agriculture (ii) Mining

(iii) Hunting (iv) Trading

(ग) विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय निम्न में से कहाँ स्थित है- 1

(i) वियना (ii) जिनेवा

(iii) ब्रुसेल्स (iv) जकार्ता

In following, where the headquarter of World Trade Organisation is located-

(i) Vienna (ii) Geneva

(iii) Brussels (iv) Jakarta

(घ) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या निम्न में से कौन सी है? 1

(i) 102.8 करोड़ (ii) 111.5 करोड़

(iii) 140 करोड़ (iv) 121 करोड़

Which of the following is the population of India according to the Census of 2011-

(i) 102.8 Crores (ii) 111.5 Crores

(iii) 140 Crores (iv) 121 Crores

(ङ) निम्न में से गैरिसन नगर का चयन कीजिए- 1

(i) नैनीताल (ii) वाराणसी

(iii) अंबाला (iv) रानीगंज

Select the Garrisson town from the following-

(i) Nainital (ii) Varanasi

(iii) Ambala (iv) Raniganj

(च) शुष्क कृषि में निम्नलिखित में से कौन सी फसल नहीं बोई जाती है? 1

(i) रागी (ii) ज्वार

(iii) मूंगफली (iv) गन्ना

Which one of the following crops is not cultivated under dryland farming?

(i) Ragi (ii) Jowar

(iii) Groundnut (iv) Sugarcane

(छ) निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा स्टेशन स्थापित किया गया था- 1

(i) कलपक्कम (ii) नरोरा

(iii) राणाप्रताप सागर (iv) तारापुर

At which one of the following places was the first atomic power station established?

(i) Kalpakkam (ii) Narora

(iii) Rana Pratap Sagar (iv) Tarapur

(ज) निम्नलिखित में से कौन सा एक स्थलबद्ध पोताश्रय है? 1

(i) विशाखापट्नम (ii) मुम्बई

(iii) एन्नौर (iv) हल्दिया

Which one of the following is a land locked harbour?

(i) Vishakhapatnam (ii) Mumbai

(iii) Ennor (iv) Haldia

**निर्देश :** प्रश्न संख्या -1 के अगले दो खण्डों में दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A)** : भारत में अत्यधिक प्रदूषित नदी यमुना है।

**कारण (R)** : यमुना नदी दिल्ली के निकट है, जिसमें डी.डी.टी. तथा औद्योगिक व्यर्थ पदार्थ समाहित हो रहे हैं। 1

**Assertion (A)**: The much polluted river in India is Yamuna.

**Reason (R)** : Yamuna river is near Delhi in which D.D.T. and industrial waste materials are getting absorbed.

(ञ) **अभिकथन (A)** : ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में लिंगानुपात में बड़ा अन्तर पाया जाता है।

**कारण (R)** : ग्रामीण क्षेत्रों से जनसंख्या प्रवास में पुरूषों की संख्या अधिक होती है। 1

**Assertion (A)**: There is a huge difference in the sex ratio in rural and urban areas.

**Reason (R)** : Population migration from rural areas is dominated by males.

2. 'रूको और जाओ निश्चयवाद' की संकल्पना किसने प्रस्तुत की? 1

Who introduced the concept of 'stop and go determinism'?

3. 'डब्बावाला सेवा' का सम्बन्ध मुख्यतः किस शहर से है? 1

Which city is mainly related to 'Dabbawala Service'?

4. राष्ट्रीय युवा नीति-2014 किस आयु समूह के व्यक्ति को 'युवा' के रूप में परिभाषित करती है? 1

National Youth Policy-2014 defines which age group of persons as 'Youth'?

5. भारतीय रेल की स्थापना किस वर्ष हुई? 1

In which year Indian Railways was established?

6. मानव भूगोल किस प्रकार अन्य सामाजिक विज्ञानों से सम्बन्धित है? 2

How is human geography related to other social sciences?

7. 'जनसंख्या का घनत्व' क्या है? उदाहरण देकर समझाइये। 2

What is 'Density of Population'? Explain with example.

8. मानव विकास के मूलभूत क्षेत्र कौन से हैं? 2

What are the basic areas of human development?

9. मरुस्थलीय प्रदेशों में गाँवों के अवस्थिति के कौन-से मुख्य कारक होते हैं? 2

What are the main factors for the location of villages in desert regions?

10. सीमा सड़क संगठन की स्थापना कब और क्यों की गयी? 2

When and why was the Border Road Organisation established?

11. विश्व में जनसंख्या का वितरण असमान है, स्पष्ट कीजिए। 3

The distribution of population in the world is uneven, Clarify.

12. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। 3

Give classification of Industries based on ownership.

13. पनामा नहर के निर्माण एवं महत्व पर प्रकाश डालिये। 3

Throw light on the construction and importance of the Panama Canal.

14. 'कृषि सेक्टर में भारतीय श्रमिकों का सर्वाधिक अंश संलग्न है'। विवेचना कीजिए। 3

'The agricultural sector has the largest share of Indian Workers.' Discuss.

15. जल-संभर प्रबन्धन क्या है? इस हेतु देश में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए। 3

What is Watershed Management? State about the various programmes conducted for it in the country.

**अथवा/OR**

'ऋणग्रस्तता' भारतीय कृषि की एक समस्या है। अत्यधिक ऋणग्रस्तता के क्या गंभीर परिणाम हो सकते हैं? समझाइये।

'Indebtedness' is a problem of Indian Agriculture. What may be the implications of severe indebtedness? Explain.

16. भारत के विदेशी व्यापार की विशेषताएं बताइये। 3

State the characteristics of India's foreign trade?

17. ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए? 3

Discuss the main causes of Noise Pollution?

18. चलवासी पशुचारण क्या है? यह वाणिज्य पशुधन पालन से किस प्रकार भिन्न है? समझाइये। 5

What is Nomadic Herding? How is it differ from Commercial Livestock Rearing? Explain.

19. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से देश कैसे लाभ प्राप्त करते हैं? 5

What do you understand by International Trade? Mention its types. How do nations gain from International Trade?

20. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

पश्चिमी दुनिया में पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दों पर बढ़ती जागरूकता के कारण पर्यावरण पर औद्योगिक विकास के अनापेक्षित प्रभावों पर चिन्ता प्रकट की गई। इस घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में 1960 के दशक में विकास के एक नये माडल (धारणा), जिसे 'सतत पोषणीय विकास' कहा जाता है, की शुरूआत हुई। इस धारणा पर एक रिपोर्ट 1987 में प्रस्तुत की गई, जिसे 'अवर कॉमन फ्यूचर' (ब्रंटलैंड रिपोर्ट) कहते हैं। इस रिपोर्ट में सतत पोषणीय विकास को निम्नवत् परिभाषित किया गया -

"एक ऐसा विकास जिसमें भविष्य में आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकता पूर्ति को प्रभावित किए बिना वर्तमान पीढ़ी द्वारा अपनी आवश्यकता की पूर्ति करना" सतत पोषणीय विकास है।

Growing awareness of environmental issues in the western world has led to concerns about the undesirable effects of industrial development on the environment. In the context of this scenario, a new model of development called 'sustainable development' was introduced in the 1960s. A Report on this concept was presented in 1987, which is called 'Our Common Future' (Brundtland Report). In this report, sustainable development was defined as follows-

"Sustainable development is a development in which the present generation fulfills its own needs without affecting the needs of future generations".

(क) 1960 के दशक में तैयार विकास की धारणा का क्या नाम रखा गया? 1

What is the name given to the concept of development formulated in the 1960s?

(ख) सतत पोषणीय विकास की धारणा पर रिपोर्ट कब प्रस्तुत की गई और उस रिपोर्ट को किस नाम से जाना जाता है? 2

When was the report on the concept of sustainable development presented and by what name is that report known?

(ग) 'सतत पोषणीय विकास' की परिभाषा बताइये। 2

Define sustainable development.

21. (क) दिये गये विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में पाँच तथ्य (i), (ii), (iii), (iv) तथा (v) के रूप में दर्शाये गये हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इन तथ्यों को पहचानिये तथा मानचित्र में चिह्नित रेखा पर उनका सही नाम लिखिए- 1×5=5

(i) पार-कैनेडियन रेलमार्ग का पश्चिमी टर्मिनल नगर

(ii) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र

(iii) भूमध्य सागर एवं लाल सागर को जोड़ने वाली नहर

(iv) रूस का प्रमुख वायु पत्तन

(v) ब्राजील का प्रमुख समुद्री पत्तन

(ख) निम्नांकित को भारत के दिये गये राजनैतिक रेखा मानचित्र में दर्शाइये तथा उस स्थान का नाम भी लिखिए- 1×5=5

(i) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(ii) गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य

(iii) मयूरभंज लौह अयस्क खान

(iv) कर्नाटक राज्य का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(v) सबसे दक्षिणी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(a) In the given political outline map of the world, five facts are shown by (i), (ii), (iii), (iv) and (v). Identify these facts with the help of information given below and write their correct names on the lines marked in the map-

(i) Western terminal city of Trans-Canadian Railway

(ii) Area of Extensive commercial grain farming

(iii) Canal connecting the Mediterranean sea and the Red sea

(iv) The main airport of Russia

(v) The main Sea Port of Brazil

(b) Locate and label the following in the given political outline map of India and write their names also-

(i) The state with the lowest Population density

(ii) Leading state in sugarcane production

(iii) Mayurbhanj iron-ore mine

(iv) A major sea port in the state of Karnataka

(v) The southernmost international airport

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों हेतु प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है।**

**Note: The following question is for the blind candidates only in lieu of question No. 21.**

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×10=10

(i) पार-कैनेडियन रेलमार्ग के पश्चिमी टर्मिनल नगर का नाम बताइये।

(ii) विश्व में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक क्षेत्र का नाम बताइये।

(iii) भूमध्य सागर एवं लाल सागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए।

(iv) रूस के प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(v) ब्राजील के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइये।

(vi) भारत में सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन है?

(vii) भारत के गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(viii) मयूरभंज लौह-अयस्क खान किस राज्य में है?

(ix) कर्नाटक राज्य के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइये।

(x) भारत के सबसे दक्षिणी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन का नाम बताइये।

Answer the following questions-

(i) Name the western terminal city of Trans-Canadian Railway.

(ii) Name the one area of extensive commercial grain agriculture in the world.

(iii) Write the name of the canal connecting the Mediterranean sea and the Red sea.

(iv) Write the name of the main airport of Russia.

(v) Name the main Sea port of Brazil.

(vi) Which is the state with the lowest population density in India?

(vii) Write the name of the leading state of India in sugarcane production.

(viii) In which state is Mayurbhanj iron-ore mine located?

(ix) Name one major sea port of Karnataka state.

(x) Name the southernmost international airport of India.

*****